राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राजभवन में हुआ 'परीक्षा पे चर्चा' का लाइव प्रसारण

प्रधानमंत्री ने कहा स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा और चुनौतियां जीवन के लिए जरूरी, सहज रहकर दें परीक्षा

राजभवन में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, विद्यार्थी और शिक्षक बने परीक्षा पे चर्चा के साक्षी

जयपुर, 29 जनवरी। सोमवार को राजभवन में 'परीक्षा पे चर्चा–2024' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राजभवन के महाराणा प्रताप लॉन में विद्यार्थियों के साथ इस जीवंत प्रसार के साक्षी बने।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए परीक्षा में होने वाले तनाव और सफलता की तैयारी पर चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जीवन में यदि प्रतिस्पर्द्धा और चुनौतियां नहीं हो तो जीवन नीरस हो जाएगा। पर प्रतिस्पर्द्धा स्वस्थ हो, द्वेस भाव लिए नहीं हो। उन्होंने परीक्षा को तनाव के बजाय उसे सहजता में लेने और जीवन में संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। पढ़ने के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने, अनिर्णय से बचने आदि को अपनाते जीवन को उत्सव बनाते परीक्षा में तनाव से मुक्त रहकर उसका सामना करने पर जोर दिया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के साथ ही इस लाइव कार्यक्रम में राजधानी के विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। बाद में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि परीक्षा में सफलता इस बात पर निर्भर करती हैं कि आप उसके प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को धैर्य, संयम और पूर्ण एकाग्रता के साथ परीक्षा देने, परीक्षा में प्रश्न अच्छी तरह से समझकर, सहज, सजग होकर प्रश्न हल करने के सूत्र भी दिए। इस अवसर पर राज्यपाल के मुख्य सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

——————

परी